over the various sand bars in the lower reaches down stream of Diamond Harbour.

Regular maintenance dredging of Hooghly river is being done by the Calcutta Port Trust through Dredging Corporation of India and through their own dredgers. Apart from dredging, a number of river training works have also been done/planned by the Port to stabilise the channel and improve the depths.

लंबित सिंचाई परियोजनाएं

*478. **श्री जगन्नाथ सिंह:** क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार के पास राज्य-वार कितनी-कितनी लघु, मध्यम और बृहत सिंचाई योजनाएं स्वीकृति हेतु लंबित पड़ी हैं; और

(ख) क्या यह सच है कि लंबित सिंचाई योजनाओं में से बहुत-सी योजनाओं में सरकारी धनराशि पहले ही व्यय की जा चुकी है?

जल संसाधन मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र): (क) स्वीकृति के लिए लंबित बृहद् (बड़ी) एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की राज्य-वार संख्या दर्शाने वाला विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है। (नीचे देखिए)। लघु (छोटी) सिंचाई परियोजनाओं को योजना आयोग से निवेश स्वीकृति की जरूरत नहीं होती तथा इन्हें राज्यों द्वारा स्वयं स्वीकृति दी जाती है।

(ख) जी, हां। इनमें से कुछ परियोजनाएं पहले से ही निर्माणाधीन हैं तथा इन परियोजनाओं की निधियों का आवंटन राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है।

विवरण

30.08.1996 तक स्वीकृति के लिए लंबित पड़ी नई बृहद् व मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा

मूल्यांकन की स्थिति

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	बृहद्	मध्यम
1.	आन्ध्र प्रदेश	9	2
2.	अरूणाचल प्रदेश	-	-
3.	असम	1	2
4.	बिहार	4	1
5.	गुजरात	1	9
6.	हरियाणा	1	1
7.	हिमाचल प्रदेश	2	1
8.	जम्मू व कश्मीर	1	6
9.	कर्नाटक	2	-
10.	केरल	2	-
11.	मध्य प्रदेश	11	3
12.	महाराष्ट्र	14	21
13.	मणिपुर	1	-
14.	उड़ीसा	3	3
15.	पंजाब	3	1
16.	राजस्थान	2	8
17.	तमिलनाडु	2	1
18.	उत्तर प्रदेश	11	-
19.	पश्चिम बंगाल	1	-
	कुल	71	58

सिलेसिलाए वस्त्रों संबंधी स्वरोजगार केन्द्र

*479. **श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पिछले कुछ वर्षों के दौरान यह निर्णय लिया गया था कि सिले-सिलाए वस्त्रों संबंधी कुछ स्वरोजगार केन्द्र खोले जाएं जिनमें ऋण प्राप्तकर्ता महिलाओं को प्राथमिकता दी जाए और उन्हें गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए राज-सहायता प्रदान की जाए;

(ख) क्या ऐसे उत्पादन केन्द्रों तक पहुंच को सरल बनाने के लिए सिलेसिलाए वस्त्रों के उत्पादन के लिए ऐसे केन्द्रों में आस-पास के गांवों से सौ ऋण प्राप्तकर्ताओं के एक समूह का चयन किया जाना था; और

(ग) यदि हां, तो उक्त योजना के शीघ्र कार्यान्वयन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

वस्त्र मंत्री (श्री आर.एल. जालप्पा): (क) और (ख) सरकार ने सिले-सिलाए परिधान क्षेत्र के लिए ऐसी कोई क्षेत्र विशिष्ट योजना नहीं बनाई है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।